





रक्षाबंधन की पूर्व बेला में राजधानी के बाजारों में खासी भीड़ रही। बहनों ने भाईयों की कलाईयों के लिए राखियां खरीदीं तो मेंहदी लगवाने वालों की भी भीड़ रही।

# जर्जर अधोसंरचना के विरोध में विद्यार्थियों का प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट के बाहर मार्च निकालकर उच्च शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शासकीय महाविद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी और जर्जर अधोसंरचना के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने गुरुवार को प्रदेशव्यापी विद्यार्थी हुंकार अभियान की शुरुआत की।

अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में विद्यार्थियों और अभाविप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर जिला कलेक्टरों के माध्यम से उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे। भोपाल में सैकड़ों विद्यार्थियों ने मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया और अपनी मांगें रखीं। अभाविप ने आरोप लगाया कि प्रदेश के कई सरकारी कॉलेजों में स्वच्छ पेयजल, साफ शौचालय, व्यवस्थित कक्षाएं, फर्नीचर, बिजली व्यवस्था, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, खेल सुविधाएं, छात्राओं के लिए आवश्यक सुविधाएं, इंटरनेट, पार्किंग, सुरक्षा और प्राथमिक उपचार जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।

संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों में सुविधाओं की स्थिति का तत्काल सर्वे कराने की मांग की। साथ ही जहां सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां जल्द व्यवस्थाएं शुरू करने और अतिरिक्त बजट की आवश्यकता वाले कार्यों के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाने की मांग की गई। अभाविप के मध्यभारत प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि कई कॉलेज जर्जर अधोसंरचना और सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अनेक कॉलेजों में बाउंड्रीवॉल की स्थिति खराब है, जिससे परिसर में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ रही हैं। उन्होंने पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, कैंटीन और विद्यार्थी सहायता केंद्रों की स्थिति में सुधार की मांग की।

अभाविप भोपाल महानगर मंत्री आरती ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के समाधान तक संगठन अपनी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रखेगा।

# करंट लगने से 55 वर्षीय महिला की मौत

**नप्र, भोपाल :** राजधानी के शाहपुरा क्षेत्र में स्कूल में सफाई कार्य के दौरान करंट लगने से 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला बुधवार शाम स्कूल में अचानक बेसुध होकर गिर गई थी। इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान रेखाबाई पति रामलाल निवासी 12 नंबर मल्टी, शाहपुरा के रूप में हुई है। वह शील पब्लिक स्कूल, शाहपुरा में सफाई का काम करती थीं। स्कूल प्रबंधन ने घटना की सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों के अनुसार अस्पताल में डॉक्टरों ने करंट लगने की बात बताई। गंभीर हालत में महिला का उपचार किया जा रहा था, लेकिन गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। बताया गया कि रेखाबाई के पति रामलाल की करीब नौ महीने पहले बीमारी के कारण मौत हो चुकी थी। पति की मृत्यु के बाद वह बेटे और बहू के साथ रह रही थीं और परिवार की सहायता के लिए स्कूल में काम करती थीं। शाहपुरा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस स्कूल प्रबंधन और घटना के समय मौजूद लोगों से जानकारी जुटा रही है।

**▸▸ इलाज के दौरान तोड़ा दम, हादसे की परिस्थितियों की पड़ताल जारी**

### स्वर निषाद संगीत संस्थान ने आयोजित किया स्वर उत्सव

# पावस ऋतु में गूंजे राग मेघ मल्हार के मधुर स्वर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** स्वर निषाद संगीत संस्थान, द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत और गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित वार्षिक संगीत समारोह स्वर उत्सव 2026 का आयोजन अंजनी सभागार, रविन्द्र भवन में किया गया।

समारोह में संस्थान के विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने राग भूपाली, खमाज, मेघ और बहार सहित विभिन्न रागों पर आधारित बंदिश, तराना, ठुमरी, भजन एवं सामूहिक प्रस्तुतियां दीं। बाल कलाकारों की स्वर पुष्प प्रस्तुति से लेकर स्वरांजलि, स्वर मेघ और स्वर बहार समूहों की प्रस्तुतियों ने शास्त्रीय संगीत के विविध रंगों को जीवंत किया।

कार्यक्रम में बच्चों से लेकर वयस्क संगीत साधकों तक ने सहभागिता की। स्वर बहार प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि संगीत साधना के लिए उम्र नहीं, बल्कि समर्पण और निरंतर रियाज आवश्यक है।

समापन स्वर संगम की आध्यात्मिक प्रस्तुति से हुआ, जिसमें भो शंभो, शिव शंभो और अमीर खुसरो की कालजयी रचना छाप तिलक सब छीनी... मोसे नैना मिलाय के माध्यम से भक्ति, प्रेम और समर्पण की भावपूर्ण अभिव्यक्ति हुई।

इस अवसर पर संस्थान के गुरुजनों का सम्मान किया गया और प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। संस्थान के निदेशक एवं संगीत गुरु आकाश गुंटीवार ने कहा कि संगीत कला के साथ साधना, संस्कार और आत्मानुभूति का माध्यम है।

# रक्षाबंधन पर जवानों को बांधी राखी, राष्ट्रसेवा के लिए व्यक्त किया आभार




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारत रक्षा पर्व 2026 के अवसर पर गुरुवार को आईटीबीपी सेंटर, कोकता बायपास में देश की सीमाओं की सुरक्षा में तैनात भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवानों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

रक्षाबंधन पर्व के माध्यम से जवानों के प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का आयोजन आईटीबीपी, शौर्य फाउंडेशन और लायंस क्लब इंटरनेशनल के सहयोग से किया गया। इसमें आईजी मुख्यालय सेंट्रल फ्रंटियर आईटीबीपी अजयपाल सिंह, डीआईजी आईटीबीपी अमित कटियार, लायंस ऑफ भोपाल के समन्वयक हरिओम जटिया, एमजेएफ लॉयन महेश मालवीय सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जवानों को राखी बांधकर उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही संवाद और टीम निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में जवानों और उपस्थित लोगों ने सहभागिता की। हरिओम जटिया ने कहा कि सीमाओं की सुरक्षा में तैनात जवान राष्ट्र के विश्वास और गौरव का प्रतीक हैं। अजयपाल सिंह ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में ड्यूटी निभा रहे सुरक्षा बलों का योगदान देश के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नागरिकों का स्नेह और विश्वास जवानों के मनोबल को मजबूत करता है। उपस्थित लोगों ने जवानों के साहस, अनुशासन और राष्ट्रसेवा को नमन किया।

# जन्मदिन समारोह में लहराई तलवार

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के कोलार रोड इलाके में जन्मदिन मनाने के दौरान तलवार लहराकर केक काटने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। कोलार रोड पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान विशाल पाठक पिता राजेश पाठक निवासी सर्वधर्म सी सेक्टर, कोलार रोड के रूप में हुई है। आरोपी ने 21 अगस्त को किड्स कैंपस स्कूल के पास अपना जन्मदिन मनाया था। इसी दौरान उसने तलवार लहराते हुए केक काटा और वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच की। अधिकारियों के अनुसार सार्वजनिक स्थान पर तलवार लहराने से लोगों में भय का माहौल बन सकता था। इसके बाद आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस अब वीडियो के आधार पर तलवार के संबंध में जानकारी जुटा रही है। साथ ही वीडियो में दिखाई दे रहे अन्य लोगों और घटनास्थल की जांच भी की जा रही है।

# रक्षाबंधन पर चालक- परिचालक और सुरक्षा प्रहरियों का भी किया सम्मान




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रक्षाबंधन के अवसर पर बरखेड़ी कलां स्थित शारदा विद्या मंदिर स्कूल में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया। बच्चों ने विद्यालय परिसर में पेड़ों को राखी बांधकर उनकी रक्षा और हरियाली बनाए रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय की बसों के चालक और परिचालक के साथ ही सुरक्षा प्रहरियों को भी राखी बांधी। बच्चों ने उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार की सुरक्षित यात्रा और सुरक्षा में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। पेड़ों को राखी बांधकर बच्चों ने समाज को पेड़ बचाने, पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के माध्यम से रक्षाबंधन पर्व को भाई-बहन के रिश्ते के साथ प्रकृति और सामाजिक दायित्व से जोड़ा गया। इससे विद्यार्थियों में पर्यावरण और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया गया।

इससे पहले भी विद्यालय में पर्यावरण जागरूकता को लेकर कई गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। बच्चों ने पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने के लिए हाथ से बने पेपर बैग वितरित किए। पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था के उद्देश्य से सकोरे बांटे गए। साथ ही नदियों की स्वच्छता और प्रदूषण रोकने का संदेश देते हुए नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की गई।

# सदाबहार गीतों से गूंजा मुकेश स्मृति कार्यक्रम

## कायस्थम ने पार्श्व गायक मुकेश के जीवन और संगीत यात्रा को किया याद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विश्वविख्यात पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर कायस्थम मध्यप्रदेश ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम सदाबहार मुकेश का आयोजन किया। इस अवसर पर मुकेश के गीतों के माध्यम से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में गायकों ने मुकेश के प्रसिद्ध फिल्मी नगमे प्रस्तुत किए। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में मुकेश की आवाज में गीत प्रस्तुत करने वाले गायक केके सहाय और कर्नल धर ने स्वर्गीय मुकेश चंद्र माथुर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

केके सहाय ने कहा कि मुकेश का जीवन संघर्ष और जादुई आवाज से भरा हुआ था। उन्होंने राज कपूर के अभिनय सफर को अपनी आवाज से अमर बना दिया। आवारा हूं, मेरा जूता है जापानी और सजन रे झूठ मत बोलो जैसे गीतों ने उन्हें घर-घर में लोकप्रिय बनाया।

कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने मुकेश के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें संवेदनशील, मिलनसार और सहृदय इंसान बताया।

कार्यक्रम में केके सहाय, संजय खरे, शैलेश श्रीवास्तव, डॉ. एसके श्रीवास्तव, बृजेश सक्सेना, रत्ना खरे और अजीत श्रीवास्तव सहित अन्य कलाकारों ने मुकेश के लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर माहौल को संगीतमय बना दिया।

# झाड़ियों में मिला महिला का शव, चेहरे पर चोट के निशान और खून से सने पत्थर मिले

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के रातीबड़ थाना क्षेत्र के गोरेगांव में तीन दिन से लापता महिला का शव गुरुवार को उसके घर के पास झाड़ियों में मिला। महिला के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। शव के पास खून से सने पत्थर मिलने के बाद पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच शुरू कर दी है। रातीबड़ पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान 30 वर्षीय राखी पत्नी मोनू के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बीना की रहने वाली थी। करीब पांच महीने पहले वह अपने पति के साथ भोपाल के गोरेगांव में रहने आई थी। दोनों किराए के कमरे में रहते थे। महिला का पति पेंटिंग ठेकेदारी का काम करता है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में हत्या का शक महिला के पति की लिव-इन पार्टनर पर जताया जा रहा है। बताया गया है कि पत्नी और लिव-इन पार्टनर एक ही घर में रहते थे। पुलिस पति से भी पूछताछ कर रही है।

**▸▸ पति की लिव-इन पार्टनर पर संदेह, कई पहलुओं से मामले की पड़ताल जारी**

पुलिस के मुताबिक राखी 23 अगस्त को बिना बताए घर से चली गई थी। काफी तलाश के बाद जब उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने 24 अगस्त को रातीबड़ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

गुरुवार को घर के आसपास झाड़ियों में महिला का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। थाना प्रभारी रासबिहारी शर्मा ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी।

# क्वार्टरों की मरम्मत और हैंडओवर में तेजी लाने की मांग



बीएचईएल कर्मचारी यूनियन ने प्रबंधन से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपील की

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** बीएचईएल भोपाल में नवनियुक्त कर्मचारियों को आवंटित आवासीय क्वार्टरों में रखरखाव और हस्तांतरण से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉईज यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक मानव संसाधन हेमराम पटेल को ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व इकाई महासचिव एवं एनएफआईटीयू प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण गिरी ने किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन सुरेखा बंछोर, मानव संसाधन औद्योगिक संबंध विभाग से वरिष्ठ प्रबंधक ब्लेसी जोसेफ रॉय एवं आरके जायसवाल उपस्थित रहे।

ज्ञापन में बताया गया कि पिपलानी, बरखेड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों में नवनियुक्त कर्मचारियों को दिए गए कई क्वार्टरों में पुताई, खिड़की-दरवाजों की मरम्मत, प्लंबिंग, विद्युत वायरिंग, पानी की पाइपलाइन में रिसाव, जल निकासी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं हैं। मरम्मत कार्य समय पर पूरा नहीं होने से कर्मचारियों को आवासों का समय पर हस्तांतरण नहीं मिल पा रहा है। यूनियन ने मांग की कि संबंधित सिविल और विद्युत विभाग द्वारा क्वार्टरों का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक कार्य पूरे किए जाएं। साथ ही मरम्मत के बाद समयबद्ध तरीके से चाबी सौंपने और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नोडल अधिकारी या सहायता केंद्र की व्यवस्था की जाए। प्रतिनिधिमंडल में आशीष सोनी, विशाल वाणी, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, जयप्रकाश चौधरी और शिव मनोज सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# महंगाई जेब पर और मिलावट स्वास्थ्य पर कर रही वारः आशीष तिवारी

**नप्र, भोपाल :** कांग्रेस नेता आशीष तिवारी ने बढ़ती महंगाई और खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तेल, शक्कर, दाल और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों से आम परिवारों का बजट प्रभावित हो रहा है। वहीं, मिलावट लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता बनती जा रही है। तिवारी ने कहा कि त्योहारों के दौरान मिलावट के खिलाफ केवल औपचारिक छापेमारी पर्याप्त नहीं है। सरकार को मिलावट के स्रोत, आपूर्ति तंत्र और इसके पीछे सक्रिय मुख्य लोगों तक पहुंचकर कार्रवाई करनी चाहिए।


**MADHYA PRADESH STATE TOURISM DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**

Paryatan Bhawan, Bhadbhada Road, Bhopal-462003

Ph. : +91-755-4027100, 2774340, 42, www.mpstdc.com

क्रमांक 413/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 27.08.2026

**SHORT NOTICE INVITING TENDER (314/2026_STDC_532669_1)**

MPSTDC, Bids are invited from reputed Artist/firm for RFP for **"Designing, supply & erection of Artwork display at Kushabhau Thakre International Convention Centre"**, Bhopal.

For any other information Contact **Mrs. Priyanka Patel, EE Mob. No. 8602777909 or e-mail at priyanka@mpstdc.com**. Last date and Time for Online Tender Purchase is **05 sep. 2026 Time 05:00 PM.** The detailed terms & conditions can be downloaded from website **https://mptenders.gov.in.**

M.P. Madhyam/127801/2026 EXECUTIVE ENGINEER



**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (P&W), CHACHAI

Phone 07659-299469, E-mail : sepnwatps23@gmail.com, Mobile No. : 9425808855

No. 001-04/P&W/NIT/1563 Chachai Date : 24.08.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

"Through E-tendering only"

M.P. Power Generating Co. Ltd. Invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the works/ supplies as detailed below for ATPS, MPPGCL, Chachai:-

| Tender-ID | Tender Particulars | Estimate cost (Rs.) | EMD (in Rs.) | Bid Submission End Date & Time | Date & Time of opening of e-tender |
|---|---|---|---|---|---|
| Tender Id: 2026_MPPGC_525548_1 | Exterior and interior emulsion painting etc. in upper rest, house officer club and erector hostel building and swimming pool along with their boundary walls at ATPS Chachai. | 18,14,845/- | 36,300/- | Dtd. 21.09.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 25.09.2026 from 15:30 hrs. onwards |
| MPPGCL Tender No.-2026_MPPGC_505758_2 | Biennial work contract for hiring of one no. air conditioned compact Sedan Car with engine capacity about 1150 cc (for petrol version) with 02 nos. of air bag and ABS for official duty of SE (Services) at ATPS MPPGCL Chachai for monthly running of 2000 kms. for period of 24 months. | 13,61,884/- | 27,200/- | Dtd. 07.09.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 10.09.2026 from 15:30 hrs. onwards |

**Note:-** For details please visit the website **www.mptenders.gov.in** for any change in specification/technical data please visit regularly website **www.mptenders.gov.in**, any addendum/corrigendum shall not be published in newspaper.

M.P. Madhyam/127766/2026 "SAVE ELECTRICITY" SE (P&W)